हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

[बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]

संयुक्त दल ने शेड व अपशिष्ट भंडारण का लिया जायजा

सीमेंट प्लांट का संयुक्त दल ने किया निरीक्षण, थमाया शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम कुकुरदीह स्थित सीमेंट प्लांट में अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण से दुर्गंध फैलने और ग्रामीणों की परेशानी को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित समाचार के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को संयुक्त जांच दल ने संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अपशिष्ट पदार्थों के रखरखाव में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए कारखाना प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान जांच दल ने संयंत्र परिसर में स्थापित शेड का जायजा लिया तथा वहां संग्रहित अपशिष्ट पदार्थों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। दल ने अपशिष्ट पदार्थों के उचित रखरखाव और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन को आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नोटिस में उल्लेखित कमियों को दूर नहीं करने पर कारखाना प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने संयंत्र प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन ने निरीक्षण कर कार्रवाई की है। अब ग्रामीणों की नजर प्रबंधन की ओर से कमियों को दूर करने और दुर्गंध की समस्या का स्थायी समाधान किए जाने पर टिकी है।

खबर का असर

प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन, सेमराडीह पंचायत ने दी आंदोलन की अंतिम चेतावनी

कुकुरदी सीमेंट प्लांट में रासायनिक अपशिष्ट जलाने का आरोप, दुर्गंध से सेमराडीह में आक्रोश



कई विभागों के अधिकारी शामिल

निरीक्षण करने वाले संयुक्त दल में उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी तथा खनिज विभाग के अधिकारी शामिल थे। गौरतलब है कि ग्राम सेमराडीह के ग्रामीणों ने संयंत्र से कथित रूप से अपशिष्ट जलाए जाने के बाद तेज दुर्गंध फैलने की शिकायत की थी।

मल्दा में अवैध एलोपैथिक दवाइयों का जखीरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार के निर्देशानुसार गुरुवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने तहसील कसडोल के ग्राम मल्दा मे एक घर से जांच के दौरान विभिन्न प्रकार के 3 कार्टून दवाई जब्त किया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर तहसील कसडोल के ग्राम मल्दा के हरनारायण केवट के निवास स्थान से



वृहद मात्रा में विभिन्न प्रकार के एलोपैथिक औषधियां लगभग 40 प्रकार की ब्रांडेड व एथिकल दवाईयों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1940 व अधिनियम 1945 के तहत फॉर्म 16 जब्ती पत्रक में 3 बड़े कार्टून में जब्त किया गया। साथ ही 2 अलग प्रकार के औषियों का नमूना जांच व विश्लेषण हेतु लिया गया। जब्ती के पश्चात न्यायालय द्वारा अभिरक्षा प्राप्त कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।इस कार्यवाही मे औषधि निरीक्षक नीलिमा, प्रियंका ध्रुव, प्रशिक्षु औषधि निरीक्षक गिरजा शंककर, नमूना सहायक अमृत लाल कोसले, एवं आमिर कुमार राय मौजूद रहे।





माताओं को पौष्टिक आहार की दी गई जानकारी और किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ शासन के सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एवं ज्योति ठाकरे पर्यवेक्षक महिला व बाल विकास विभाग बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में ग्राम अर्जुनी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 7 में आंगन सेवा मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्र रेखा साहू प्रतिनिधि महिला व बाल विकास विभाग बलौदाबाजार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि में वेदेश्वरी त्रिलोक यादव जनपद सभापति बलौदाबाजार, विष्णु साहू उप सरपंच अर्जुनी, प्रमोद जैन पूर्व सरपंच, उर्मिला वर्मा, सहित पंचायत पंचगण के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सरस्वती मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया।

आयोजन में पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शनी लगाई गई और आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही चित्र रेखा साहू प्रतिनिधि महिला व बाल विकास विभाग बलौदाबाजार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं मितानिनों का पेन एवं स्कॉर्प देकर सम्मानित किया गया। और बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया गया। तथा आंगनबाड़ी सहायिका एवं मितानिन में प्रमिला वर्मा, अनुसूईया वर्मा, सुषमा साहू ,मीनाक्षी पाठक, सुमन वर्मा को संकल्प सेवा सम्मान प्रमाण पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा के पौधे का रोपण





बच्चों को अधिक से अधिक प्रोटीन खिलाएं

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य तथा पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना रहा। ज्योति ठाकरे पर्यवेक्षक महिला व बाल विकास विभाग बलौदाबाजार ने उपस्थित माताओ को कहा कि गर्भवती माता का घर वालों द्वारा विशेष रूप से खानपान व स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है। वही विभागीय तौर पर टीकाकरण का ध्यान रखा जाता है। साथ ही फोलिक एसिड की दवाई दी जाती है वही आंगनबाड़ी में बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है नमकीन दलिया मीठा दलिया बनाने के तरीके बताए गए माताओ को बच्चों को अधिक से अधिक प्रोटीन खिलाने की बात कही गई। गर्भवती माता से लेकर शिशु के जन्म तक आंगनबाड़ी आने तक की सारी जानकारी को विस्तृत रूप से बताया गया। चित्ररेखा साहू प्रतिनिधि महिला व बाल विकास विभाग बलौदाबाजार ने कहा कि आंगनबाड़ी से ही प्रारंभिक शिक्षा स्वास्थ्य शिक्षा बच्चों को प्रदान की जाती है। और पोषण आहार दिया जाता है।

खबर संक्षेप



मतदाता सूची में नाम जोड़ने शैक्षणिक संस्थानों में लगेंगे विशेष शिविर

बलौदाबाजार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजनितिक दलों के सदस्यों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामवाली की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय मे भी छात्रों को जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। यह कार्य मतदान केन्द्र में नियुक्त बूथ लेबल अधिकारी द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अतर्गत किया जाएगा। विशेष अभियान अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्र में नियुक्त बूथ लेबल अधिकारी से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करा सकते है।

तीन दिवसीय गणित मेले का आयोजन आज से

महासमुंद। स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबरतक तीन दिवसीय प्रांतीय गणित मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में गणित विषय से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी, जिसमें गणित मॉडल, गणित प्रयोग, गणित पत्र वाचन, वैदिक गणित प्रश्न मंच जैसे अनेक कार्यक्रम संपन्न होंगी। इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न विभागों से लगभग 250 प्रतिभागी मेले में हिस्सा लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने नगर के समस्त नगर वासियों को मेले में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। यह जानकारी जिला वैदिक गणित प्रमुख शिव कुमार कन्नौजे ने दी है।

झालखम्हरिया में मेडिकल कैंप आज

महासमुंद। पूर्व सैनिक सेवा संघ जिला महासमुंद के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को ग्राम झालखम्हरिया स्थित स्कूल परिसर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम में मनोरमा इंडस्ट्रीज, आदित्य हॉस्पिटल महासमुंद एवं एएसजी आई हॉस्पिटल रायपुर का सहयोग प्राप्त हो रहा है। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य जाँच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस पहल से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक होने और समय पर उचित चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व सैनिकों एवं पेंशनधारकों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा स्पर्श पोर्टल से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी, जिससे पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को समझने में सहायता मिलेगी। संघ ने ग्राम झालखम्हरिया एवं आसपास के ग्रामीणों से शिविर में पहुँचकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं परामर्श का लाभ उठाने की अपील की है।

युवा उड़ान कार्यक्रम में युवाओं को दी गई साइबर सुरक्षा और करियर मार्गदर्शन

युवा अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों मे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को युवा उड़ान 2026 का आयोजन जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार मे किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन, साइबर सिक्योरिटी के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवा पीढ़ी आने वाले भारत के भविष्य है ,विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिये युवाओं को अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों मे लगानी होगी। नकारात्मक माहौल बनाने वालों का कभी साथ न दें।

देश के लिये क्या सही है उस दिशा मे आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि जो सपने देखे हैं उसे पूरा करने के लिये पूरी ताकत लगा दें, माता-पिता और परिवार का विश्वास कभी न तोड़ें। उन्होंने कहा अपने परिश्रम से खेल के क्षेत्र मे संजू देवी और भुनेश्वरी यादव ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के विश्वास को मजबूत करने के लिये पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाया। अब जो अभ्यर्थी जितनी मेहनत किया है उसी के अनुसार पद पर चयन हो रहा है। हमारी सरकार युवाओं को खेल मे आगे बढ़ाने खेल अधोसंरचाना एवं सुविधाओं मे इजाफा कर रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि आने वाले 5 साल का लक्ष्य रखे और उसे पूरा करने मेहनत करें, समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थिति मे मुश्किल होता है लेकिन उससे सीख मिलती है, अच्छे परिणाम भी मिलते है। तूफान आने पर पेड गिरते है और नष्ट हो जाते है लेकिन उसके फल धरती पर गिरकर अंकुरित होते है और पुनः पेड बन जाते हैं। ऐसे ही मुश्किल क्षण बीतता है और नया पल आता है। कार्यक्रम मे उप निरीक्षक प्रणाली वैद्य, स्व सोंनचंद फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज एवं मिथुन पालीवाल ने साइबर सुरक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिये। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विकसित भारत का सन्देश दिये। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रणम्य पाण्डेय, खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

23 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



सुहेला। ग्राम पंचायत बासीन के आश्रित ग्राम खैरवारी में 23 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इनमें सीसी रोड निर्माण, बालिका शौचालय निर्माण, मैदान समतलीकरण सहित अन्य कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर हेमंत बघमार ने कहा कि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से क्षेत्र के गांव-गांव में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। छोटे से गांव खैरवारी में 23 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा ने कहा कि मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सभी वर्गों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य खोमलाल साहू, मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चावरे, सरपंच शैलेन्द्री, रिंकू, मनीष साहू, सरोज साहू, सुनील वर्मा, सत्या जोगी, उपसरपंच हुलास साहू, पंचायत सचिव अमरनाथ मनहरे सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिले के आईटीआई व पॉलीटेक्निक संस्थानों में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बलौदाबाजार द्वारा जिले के शासकीय पालिटेक्निक भाटापारा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरी भाटापारा, सकरी, पलारी, असनींद कसडोल, सिमगा, हथबंद में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एआई नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति रुचि विकसित करना था। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्षों की संकल्प यात्रा एवं सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज से विद्यार्थियों के इनोवेशन के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 23 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज में विद्यार्थी आधिकारिक लिंक के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसमें महाराष्ट्र जोन के अंतर्गत तकनीकी विद्यार्थी, शोधकर्ता एवं फैकल्टी, स्टार्टअप्स, एमएसएमई उद्योग, व्यक्तिगत इनोवेटर्स तथा सामाजिक उद्यम एवं संस्थान भाग ले सकते है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया एवं विद्यार्थियों द्वारा ली जा रही तकनीकी शिक्षा से दैनिक जीवन में आ रही समस्याओं को समाधान खोजने के लिये प्रेरित किया गया।

■ एआई व नवाचार के लिए प्रेरित हुए छात्र

17 अक्टूबर तक करा सकते हैं पंजीयन

छात्रों को इस प्लेटफार्म का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इन कार्यक्रमों में सभी ट्रेड एवं ब्रांच के विद्यार्थियों का सेवा फस्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के सेमीनार में भाग लिया और सवाल पूछे गये। सेवा फस्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत 10 प्रमुख क्षेत्र कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल, नगरीय विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, रक्षा, सतत विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवंमोबिलिटी, उभरती तकनीकी, (एआई) शिक्षा एवं रोजगार के अंन्तर्गत अपने आइडिया का रजिस्ट्रेशन कर सकते है। उक्त सेक्टरो में चयनित प्रतिभागी में से 50 विजेता को 10 लाख प्रति विजेता पुरस्कार प्रदाय किया जायेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2026 निर्धारित है।

सीईसी का पुतला दहन कर कांग्रेसियों ने की इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ कथित बलपूर्वक कार्रवाई और लाठीचार्ज के विरोध में सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा काला दिवस के रूप में विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिमगा में रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग करते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने आगे बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया। इससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। बाद में कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार अनुराग भट्ट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के वोट का सम्मान सर्वोपरि है। यदि चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो सरकार और निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता के साथ जनता के सामने जवाब देना चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई लगातार जारी रखेगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, वरिष्ठ नेता कुबेर यदु, पूर्व पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, महंत जगमोहन मार्कण्डेय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल,पूर्व पार्षद सुनीता यादव, मो अय्यूब खान, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, भिखारी गहरे, श्याम लाल देवांगन, पार्षद परदेसी सोनकर, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, कान्हा यदु, विष्णु कोसले, अजीत भट्ट, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, दौलत बंजारे, सोनू भोसले, कृष्णा कुंजाम, हिम्मत शर्मा, हेमदास कोसले, ढेलू साहू, लाला वर्मा, हितेश साहू, लल्लू पाटकर, पप्पू राजपूत, जिनेन्द्र भारती, तुले साहू, मोहन यदु, दाऊ यदु, योगेश खंडेलवाल, नागेश साहू, रूपेश साहू,तुमेश कोसले, नरेंद्र सोनवानी अधिक संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उदितमुनी नाम साहेब का सत्संग व आनंदी चौका आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



कबीरधाम दामाखेडा के गुरूगद्दी वंशावतार आचार्य पंथ हुजुर उदितमुनी नाम साहेब जी का एक दिवसीय सत्संग समारोह एवं सात्विक ज्ञान यज्ञ आनंदी चौंका आरती का भव्य आयोजन धान मंडी नगर टुण्डरा में 9 अक्टूबर को आयोजित हुआ। पूरे नगरवासी इस आयोजन को सर आंखों पर उठाये हुये भरपूर सहयोग दिये। 10 बजे से कलश शोभायात्रा बाजे गाजे ,भजन कीर्तन के साथ पीलीपीपर चौंक से निकाला गया जो कि चंडी चौंक पहुंच कर आचार्य उदित मुनि नाम साहेब जी के आगमन का स्वागत किये फिर शोभायात्रा गुंडी चौंक, महादेव मोहल्ला, कुम्हारी रोड, धरसापारा, अम्बेडर चौंक, गैस एजेंसी मेन रोड होते हुये धान मंडी पहुंचा, नगर के मातृ शक्तियों ने आरती पूजन कर पुष्पवर्षा श्रीफल का भेंट जगह-जगह करते रहे। आयोजकों, केन्द्रीय सेवादारो एवं गणमान्य नागरिकों ने मुख्य अतिथि जी का चरण वंदन कर स्वागत किये। कसडोल विधायक संदीप साहू एवं बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे भी आयोजन में शामिल हो कर चरणवंदन किये। भोजन भंडारे का विशाल प्रबंध किया गया था, श्रद्धालुजन कतार बद्ध होकर प्रसादी अनुशासित रुप से लेते रहे। हजारों श्रद्धालुओं को आचार्य जी ने अपने श्रीमुख से अमृतवाणी देते हुए मानव जीवन के कर्तव्यों का बोध कराया। उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिये एस के डी व्ही मिशन जिला बलौदाबाजार के कार्यकर्ता दिन रात कड़ी मेहनत करते रहे। इस तरह का प्रथम बार आयोजन होने से कौतूहल एवं जिज्ञासा बना रहा।

जानलेवा हमला करने वाले गैंग के दो और शातिर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



भाटापारा शहर में पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार व स्टील पंच से प्राणघातक हमला करने वाले संगठित गैंग के दो फरार मुख्य आरोपियों को शहर पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस ने प्रकरण में बीएनएस की धारा 111 (संगठित अपराध) भी जोड़ी है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी अभिषेक वर्मा उर्फ दादू (28 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 अगस्त 2026 की शाम लगभग 6:05 बजे जब वह अपने साले भारत साहू के साथ जा रहा था, तब पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान आरोपी मनीष कुमार उर्फ पार्षद यादव ने अपने हाथ में रखे स्टील के पंच से प्रार्थी के माथे व नाक पर जानलेवा वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। वहीं दूसरे आरोपी सागर धीवर ने धारदार चाकू से प्रार्थी के साले भारत साहू के सिर, आंख और हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर भाटापारा शहर थाने में गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

घेराबंदी कर दो फरार आरोपी दबोचे गए

शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गठित पुलिस की विशेष टीम ने लगातार पतासाजी करते हुए 9 अक्टूबर 2026 को घेराबंदी कर गैंग के दो अन्य प्रमुख सदस्यों को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी मनीष कुमार के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया स्टील का पंच जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व में 3 गए थे जेल

पुलिस विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगण एक संगठित गिरोह की भांति आपस में मिलकर अन्य गुटों से रंजिश रखते थे। शहर में डर व भय का माहौल निर्मित कर अपना वर्चस्व कायम करने के लिए वे धारदार हथियारों से जानलेवा हमले की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ऋषभ राठौर, वेद प्रकाश नगरची और मोनू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

आध्यात्मिकता और सकारात्मक विचारों का दिया संदेश

संस्कार और कर्म ही भविष्य का निर्माण करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा द्वारा पत्रकारों के सम्मान में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। द्वीप प्रज्वलन के माध्यम से ज्ञान, शांति और सकारात्मकता का संदेश दिया गया। जिस प्रकार एक दीपक स्वयं जलकर चारों ओर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार पत्रकार भी अपने श्रेष्ठ विचारों की कलम से समाज एवं मनुष्यों में प्रेम, सद्भाव और खुशियों का प्रकाश फैलाता है। कार्यक्रम में सभी पत्रकार राजकुमार मल, संतोष साहू, श्याम पुरोहित, शंकरलाल सोनी, संतोष अग्रवाल, भूपेश दिवान, सत्तू पटेल, आयसा खान, मधु सोनी,मुकेश शर्मा, किशोर गुप्ता, बिरेंद्र उपाध्याय, संजय तिवारी, अजय यादव, राजीव तिवारी, गुम्बर जी, सीमा मल, राज गुप्ता, कैलाश जायसवाल, लक्ष्मी नारायण सोनी, गुरमीत सिंह गुम्बर, वाईपी सोनी, ललित तिवारी, रवि साहू, तुलसी जायसवाल,उमाशंकर साहू के साथ सभी क्षेत्रीय पत्रकार शामिल हुए। इसी तारतम्य में सेंटर इंचार्ज बीके मंजू दीदी ने अपने वकतव्य में अच्छे कर्मों, सकारात्मक विचारों और आध्यात्मिकता के महत्व को सरल एवं भावनात्मक शब्दों में समझाया की मनुष्य जीवन में जो कुछ भी करता है, उसके संस्कार और कर्म ही उसके भविष्य का निर्माण करते हैं। इसलिए जीवन में धन-दौलत के साथ-साथ अच्छे विचारों, प्रेम, शांति और पुण्य कर्मों की पूंजी जमा करना भी जरूरी है। इस अवसर पर शंकर लाल सोनी ने कहा कि पत्रकारिता की कलम में समाज को नई दिशा देने की शक्ति होती है। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समाचार देना ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जागरूक करना।

सजने लगे मां दुर्गा के पंडाल, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है। पर्व को लेकर खरोरा नगर सहित आसपास के अंचलों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में रंग-रोगन एवं आकर्षक साज-सज्जा का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं, मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार दिन-रात जुटे हुए हैं। नगर में नवरात्रि को लेकर दुर्गा उत्सव समितियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खरोरा में मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों वाली प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। नवरात्रि नजदीक आने के साथ ही मूर्तिकार प्रतिमाओं की रंगाई-पुताई, श्रृंगार और सजावट को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। मूर्तिकार गिरधर पाध्याय ने बताया कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में प्रतिमाओं के अधिक ऑर्डर मिले हैं। हालांकि, महंगाई के कारण मूर्ति निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और मजदूरी की लागत बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं में लगने वाले मुकुट, अस्त्र-शस्त्र सहित अन्य सजावटी सामग्रियों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इससे कलाकारों के लाभ पर असर पड़ा है। इसके बावजूद उन्हें इस वर्ष अच्छे कारोबार की उम्मीद है।



साज-सज्जा का काम अंतिम दौर में

पंडालों की सजावट अंतिम चरण में

नगर की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। दुर्गा एकता युवा मंच दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य भी पंडाल की साज-सज्जा, विद्युत व्यवस्था और अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और आकर्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नवरात्रि के दौरान नगर और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह भव्य दुर्गा पंडाल सजाए जाएंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ जगराता, गरबा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।नवरात्रि पर्व को लेकर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने के लिए पंजीयन भी शुरू हो गया है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। पहले दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा कर पर्व का शुभारंभ होगा।

खबर संक्षेप

वार्ड 25 के गौरा चौरा का हुआ सौंदर्यीकरण

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 25 में धार्मिक स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया गया है। विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद भाऊ राम साहू ने अपनी पार्षद निधि से महाकाल मंदिर के बाजू स्थित गौरा चौरा में टाइल्स एवं स्टील ग्रिल लगवाकर सौंदर्यीकरण कराया है। इस कार्य पर पार्षद निधि के कुल 70 हजार रुपए खर्च किए गए हैं। साहू ने कहा कि वार्ड के विकास और धार्मिक आस्था के केंद्रों को संरक्षित करना उनकी प्राथमिकता है। गौरा चौरा में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े आयोजन होते हैं और यहां टाइल्स एवं ग्रिल नहीं होने से असुविधा होती थी। सौंदर्यीकरण के बाद अब स्थल अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बन गया है। इससे पूजा पाठ और धार्मिक आयोजनों में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 25 में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। नागरिकों की मांग के अनुसार सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। भविष्य में भी वार्ड के विकास और धार्मिक आयोजनों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लोगों ने इस कार्य के लिए पार्षद भाऊ राम साहू का आभार व्यक्त किया है।

नवरात्रि, दशहरा के साथ दामाखेड़ा व खंडवा में गुरु दर्शन मेला शांतिपूर्वक कराने प्रशासन ने कसी कमर

त्योहारों पर प्रशासन सख्त, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दशहरा पर दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नवरात्रि में नगर में स्थापित होने वाले लगभग 40 दुर्गा समितियों, गरबा समितियों के साथ ही कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा, व खंडवा में दशहरा के दिन आयोजित गुरु दर्शन मेला को लेकर प्रशासन ने अलग अलग बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसमें सभी दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, वॉलंटियर्स तैनात करने तथा निर्धारित समय एवं ध्वनि सीमा के भीतर ही लाउडस्पीकर का उपयोग करने शांन्ति समिति की बैठक में हिदायत दी गई। वहीं दशहरा के दिन सुबह से दोपहर 3 बजे तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन पश्चात शाम को रावण दहन तथा कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा एवं खंडवा मेला में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध गुरु दर्शन मेला कार्यक्रमों में जुटने वाली विशाल भीड़ को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था, सुगम यातायात, बैरिकेडिंग एवं पार्किंग के पुख्ता इंतजाम करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगरपालिका एवं स्थानीय निकायों को मेला स्थलों व मुख्य मार्गों पर पर्याप्त लाइटिंग, पेयजल तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।





असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर

साथ ही नगर के दोनों शासकीय शराब दुकान को दशहरा के दिन दोपहर 3 बजे तक बंद रखने तथा शांति भंग करने वाले, शराब पीकर हुड़दंग करने वाले या अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को आगामी सभी त्यौहारों एवं मेला आयोजनों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीएम सिमगा अतुल शेटे, सीईओ सीपी मनहर, सीएमओ नगरपालिका शशिभूषण श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी परिवेश तिवारी सहित दुर्गा समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार तथा दामाखेड़ा एवं खंडवा के सामाजिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन 6 दिसंबर को

नर्रा। छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज द्वारा आगामी 06 दिसंबर 2026 को राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में विशाल प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।कार्यक्रम के संबंध में समाज के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्मेलन का औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद नायक, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश महासचिव ललित पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, खेलसिंह नायक एवं कार्यालय सचिव उत्तम पटेल शामिल रहे।

सेवा सेतु शिविर में नवाचारी शिक्षिका भारती सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड सिमगा अंतर्गत कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में शिक्षा विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। स्टाल में शिक्षा सेवा संकल्प वृक्ष और हस्ताक्षर दीवार के माध्यम से लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए संकल्प कराया गया। मुख्य अतिथि शर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की सक्रिय और नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा को पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए बच्चों और समुदाय के सहयोग से शीड बाल बनाकर वितरित करने के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका के द्वारा शाला के बच्चों में पर्यावरण के संरक्षण के लिए के जागरूक करने के लिए व्यापक पैमाने पर बीज गोला बनवाकर अपने परिवेश को हराभरा रखने के लिए संकल्पित कराया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिला पंचायत सभापति शशि बंजारे, दीप्ती वर्मा, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, अनिल पाण्डेय, कमलेश साहू, छोटेलाल यादव, गोविन्द वर्मा, चंद्रप्रकाश टोंडे, संतोष साहू, हेमंत साहू, प्रहलाद मिश्रा, रजनी दुबे, वंदना इंगोले, रुखमणी साहू सहित बड़ी संख्या में जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, भाजपा, कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

// आम सूचना //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव कुमार वर्मा, निवासी : मार्बल मार्केट, शीतला माता मंदिर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) (आधार कार्ड क्रमांक: 998367846523) ने विक्रेतागण श्री जगतराम धीवर, दुकलहीन फेकर, बुधियारिन, लक्ष्मी बाई धीवर, जानकी तारण सभी पिता सुखराम, मुन्नी तारण पिता भागीरती, नाबा. आरती, नाबा. जीतू, दोनों पिता श्री भागीरती, सभी निवासीः ग्राम+पोस्ट-मोहरेंगा, थाना+तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व, हक, हित, आधिपत्य एवं भौतिक कब्जे की परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा ग्राम- मोहरंगा, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.- मोहरेंगा, तहसील - खरोरा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 500/2, 501/4, 502/2 रकबा क्रमशः 0.187 हे., 0.202 हे. एवं 0.365 हे. कुल खसरा संख्या - 3, कुल रकबा 0.754हे. है, को क्रय करने के संबंध में सौदा एवं संविदा का निष्पादित किया जाकर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही उप-पंजीयक कार्यालय, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) में किया जाना शेष है। इस भूमि के संव्यवहार/खरीदी - बिक्री के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 08.10.2026

भवदीय
(बी. केशरवानी)
अधिवक्ता,
कार्यालय : वी. वी. विहार, गली नं. 3, मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. : 9893594075

:: आम सूचना ::

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव कुमार वर्मा, निवसी मार्बल मार्केट, शीतला माता मंदिर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) (आधार कार्ड क्रमांक : 9983 6784 6523) ने विक्रेता श्री भुनेश्वर लाल पिता श्री भगत राम साहू, निवासी : पोटिया रोड, पैरा कुट्टी के पास, आदर्श नगर, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) (आधार कार्ड क्रमांक : 8598 0198 7955) के भूमि स्वामी हक की असींचित भूमि जो वाके मौजा ग्राम-मोहरंगा, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.- मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 502/1, 502/3, 502/4, 502/5 रकबा क्रमशः 0.1420 हे., 0.0650 हे., 0.0810 हे. एवं 0.1620 हे., कुल खसरा संख्या-4, कुल रकबा 0.45 हे. है, को क्रय करने के संबंध में सौदा एवं संविदा का निष्पादित किया जाकर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही उप-पंजीयक कार्यालय, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में किया जाना शेष है।

इस भूमि के संव्यवहार/ खरीदी-बिक्री के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 08.10.2026

भवदीय
(बी. केशरवानी) अधिवक्ता,
कार्यालय:- वी.वी. विहार, गली नं. 3, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9893594075



HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
मॉं और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
- TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



6 किग्रा गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बिलाईगढ़। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दिनांक 8 अक्टूबर को एएनटीएफ टीम एवं थाना सलिहा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बसना से सलिहा की ओर आ रही हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीजी 8327 को रोककर चेक किया गया। मोटरसाइकिल चालक सुशील कुमार साव, पिता मनबोध साव, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुदारीबाहरा कटेल, थाना बसना, जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़) के कब्जे से 5.850 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पूछताछ एवं आरोपी सुशील कुमार साव की निशानदेही पर पुलिस द्वारा अन्य आरोपी विजय साव, पिता घसिया साव, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कदारीबाहरा, थाना बसना, जिला महासमुंद को भी पकड़ा गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

भीमराव अंबेडकर चबूतरा निर्माण के लिए भूमि पूजन



भवानीपुर। ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा के सतनाम चौक में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की स्मृति में एक भव्य अंबेडकर चबूतरे का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए शुक्रवार को सतनाम चौक परिसर में विधिवत भूमि पूजन और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, राजनीतिक पदाधिकारी और ग्राम विकास समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि रोहित श्रेय, पंचायत सचिव आजू राय ढीढी, और भाजपा मंडल संडी के महामंत्री विरेन्द्र कुमार (वीरू) साहू जी शामिल हुए। गाँव के विकास और इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए ग्राम विकास समिति के संरक्षक लेखराम सेन 'लेखू' और ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष खुबाशचंद सोनवानी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस शुभ कार्य के साक्षी बनते हुए ग्राम पंचायत के पंचगणों में भारी उत्साह देखा गया। भूमि पूजन के दौरान पंच पुरूषोत्तम पटेल, बबलू फेकर, राजकुमार सोनवानी, बचन श्रेय, रमेश कनौजे, विरेन्द्र पटेल, कांशीराम कुर्रे, गंगा प्रसाद कनौजे और दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सरल जीएसटी, सुगम कारोबार की दिशा में बड़ा कदम : अग्रवाल

हिरमी रावन। जीएसटी परिषद द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का स्वागत करते हुए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री अनुपम अग्रवाल ने कहा कि ये निर्णय



व्यापार और उद्योग जगत के लिए राहतकारी हैं तथा कर व्यवस्था को अधिक सरल और कारोबार को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।उन्होंने काउंसिल द्वारा लिये गए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी से जुड़े अभियोजन की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ किया गया है तथा न्यूनतम जुर्माने की राशि 25 हजार से घटाकर 10 हजार किया जाना व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण राहत है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ममता का घर हुआ रोशन, स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा से जोड़ने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह दिखा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड सिमगा के ग्राम चक्रवाय निवासी ममता बाई निषाद के घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया गया है। बिहान की सोलर दीदियों की पहल से सौर ऊर्जा से जुड़ने का अवसर मिलने पर ममता बाई के परिवार को बिजली की जरूरतों को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सुविधा मिली है।

ग्राम चक्रवाय में स्थापित हुआ 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम



सोलर दीदियां गांव-गांव पहुंचा रहीं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी सोलर दीदियां ग्रामीणों को योजना की जानकारी देने, पंजीयन कराने तथा सोलर पैनल स्थापना की प्रक्रिया में सहयोग कर रही हैं। ग्राम चक्रवाय में ममता बाई निषाद के घर स्थापित सोलर सिस्टम का कार्य शुभ संकुल संगठन, बनसांकरा, विकासखंड सिमगा के माध्यम से बिहान सोलर दीदियों द्वारा किया गया। इस पहल की विशेषता यह है कि बिहान की ग्रामीण महिलाएं केवल योजना का लाभ लेने तक सीमित नहीं हैं बल्कि सौर ऊर्जा जैसी आधुनिक तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

ममता बाई निषाद के घर स्थापित 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने और महिलाओं की भागीदारी से विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

बिहान दीदी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से जिले में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास को बहुत मददगार बताया है।इससे महिलाओं की तकनीकी दक्षता विकसित होने के साथ उनके लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

खेतों में दरारें सफाई के अभाव में झाड़ियों से पट गई नहर नाली

टेल एरिया तक नहीं पहुंचा गंगरेल का पानी, खेत सूखने के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

अंचल में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बारिश नहीं होने के कारण और तेज धूप के चलते खेत सूख रहे हैं। वही गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने के बावजूद टेल एरिया गांव टोनाटार गोढ़ी भाठा खार में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वही मुख्य नहर के किनारे स्थित खेतों को भरपूर पानी मिल रहा है लेकिन अर्जुनी टोनाटार नहर नाली नंबर 13 की वितरक नाली सूखी पड़ी हुई है। जिसके चलते टोनाटार गोढ़ी भाठा खार के किसानों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और नहर नाली से पानी नहीं मिलने के कारण खेत सूख रहे हैं। स्थिति यहां तक पहुंच गया है कि किसान अपने खेतों में चप्पल पहनकर चल रहे हैं। जिससे किसानों को धान की फसल खराब होने और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका से काफी चिंतित और परेशान हैं। ऐसे में किसानों ने संबंधित विभाग से नहर की स्थिति की जांच कर टेल एरिया तक पर्याप्त पानी पहुंचाने और शीघ्र ही सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की। 24 और 25 सितंबर को रुक-रुक हुई दो दिनों की बारिश के बाद से अभी तक बारिश नहीं हुई है। भीषण उमस और तेज धूप के कारण खेतों की नमी तेजी से सूख रहे है। फसल को बचाने के लिए इस नाजुक समय में खेतों में पानी का स्तर बनाए रखना बेहद जरूरी है जिसके लिए किसान दिन रात खेतों के चक्कर काट रहे हैं।



लंबे समय से साफ-सफाई नहीं

टोनाटार के किसान गणेश वर्मा, गेंदराम वर्मा, गनेश्वर वर्मा, गोपाल वर्मा, बीरेंद्र वर्मा, प्रीत वर्मा, तिजऊ वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, मोंगराम वर्मा ने बताया कि अर्जुनी टोनाटार नहर नाली नंबर 13 की लंबे समय से साफ सफाई नहीं की गई है देखने से नहीं लगता कि यह नहर नाली है। नाली के आसपास और नाली के अंदर घास फूस बड़ी मात्रा में उग गए हैं जिससे नहर नाली का पता ही नहीं चलता है। वहीं नाली पूरी तरह सूखे पड़े हुए हैं। पानी नहीं मिलने के कारण खेत पूरी तरह सूख गए हैं। इसी तरह गोढ़ी भाठा खार के किसान रूपनारायण रजक, देवशिंग ध्रुव, दिलेश्वर वर्मा, दाऊलाल सेन, कार्तिक रजक, भागवत रजक ने भी बताया कि नहर से पानी नहीं मिलने के कारण खेतों की नमी तेजी से सूखने लगी है। साल भर की कमाई धान की फसल को अंतिम समय में बचाने के लिए किसानों ने अति शीघ्र नहर नाली नंबर 13 में पानी देने और साफ सफाई करने की मांग की है।

चालू करवा दिया गया है

मछली पकड़ने वाले नहर को बंद कर दिए थे जैसी जानकारी मिला चालू करवा दिए हैं।

-एके नागपुरे, जल प्रबंध उपसंभाग क्रमांक 7 के अनुविभागीय अधिकारी

महिला समूह ने चलाया सफाई अभियान...



पलारी | समीपवर्ती ग्राम बांसबिनौरी में गोंडवाना महिला समूह के महिलाओं ने नवरात्रि पर्व को देखते हुए गांव की गलियों की साफ सफाई की जहां कचरा एकत्र हुए थे उन्हें निश्चित स्थान पर डाला गया वही कीचड़ रहित गलियों की साफ सफाई की गई। महिलाओं ने बताया की 11 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो रहा है तथा माता रानी के दरबार में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं,इसलिए गांव को स्वच्छ बनाना हम सब के नैतिक जिम्मेदारी है। सफाई अभियान ग्राम बांसबिनौरी के पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में किया गया उन्होंने कहा कि हमारे ग्राम की महिला समूह गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सुबह से निकल पड़ते हैं तथा गांव की सभी गलियों व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई करते हैं वही ग्रामीणों को भी स्वच्छ गांव स्वच्छ जीवन के लिए प्रेरित करते हैं। इस अभियान में अमेरिका ध्रुव, इंदिरा यादव, राही ध्रुव, प्रेमिन ध्रुव, गया बाई ध्रुव, ठेला यादव, प्रमिला ध्रुव, मानकी ध्रुव, निर्मला ध्रुव, राजेश ध्रुव आदि शामिल थे |

शिक्षक ने जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अलग अलग तरीके अपनाते हैं लेकिन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी के शिक्षक जयप्रकाश यदु ने अपने जन्मदिवस पर स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराकर खुशियां बांटने की अनूठी पहल की है। उनकी इस पहल से बच्चों में उत्साह देखने को मिला। शिक्षक जयप्रकाश यदु ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों को नेवता भोज कराया। इस दौरान बच्चों के साथ खुशियां साझा कर उन्होंने जन्मदिन को ख़ास बनाया। बच्चों के साथ भोजन करने और उन्हें स्नेह देने की पहल ने विद्यालय के माहौल को खुशनुमा बना दिया। शिक्षक जयप्रकाश यदु की इस पहल ने यह संदेश दिया कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशियां मनाने का अवसर नहीं है बल्कि दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने का भी माध्यम बन सकता है। स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर उन्होंने सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव की भावना को बढ़ावा दिया। नेवता भोज के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान शाला की प्रधानपाठक वंदना साहू, शिक्षिकाएं अनुराधा वैष्णव, मीना देवांगन, शिक्षक राजकुमार साहू उपस्थित रहे।



सहकारी समिति सिमगा ने प्रस्तुत किया साल भर का लेखा-जोखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिमगा की वार्षिक आम सभा गुरुवार को मंडी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं प्रभारी प्रबंधक द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान समिति की गतिविधियों, आय-व्यय, ऋण वितरण, खाद-बीज वितरण का विस्तृत लेखा-जोखा किसानों के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष छोटू यदु ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के 1696 किसानों ने धान बिक्री हेतु पंजीयन कराया था। जिसमें 1594 किसानों ने धान बिक्री किया है जिसका किसानों को समय पर 18 करोड़ 27 लाख 54 हजार दो सौ रुपये का भुगतान किया गया तथा 3 करोड़ 62 लाख 75 हजार रुपये का ऋण वितरण किया गया।साथ ही यूरिया पोटाश डीएपी सुपर फास्सफोरस 505 टन खाद वितरण किया गया। 30 लाख रुपये का खाद का व्यवसाय किया गया है। समिति ने इस वर्ष कुल 5 लाख 24 हजार रूपए का लाभ अर्जित किया है।बैठक में प्रमुख रूप से बिसाहू साहू, कन्हैया निषाद, विरेन्द्र मिश्रा, कार्तिक सोनकर, पुनाराम यदु, रामजी देवांगन, कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार दीवान, समिति प्रबंधक राजू कोसले, आपरेटर सोहन साहू, लखन यदु, पिकेश्वर सोनकर, रश्मि भट्ट सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

नए खरीदी केंद्र और गोदाम का प्रस्ताव

ग्राम खण्डुवा में नवीन खाद गोदाम प्रस्तावित है। पहले नगर में एक राशन दुकान संचालित थी लेकिन अब 5 राशन दुकानें संचालित हो रही है। जिससे आम उपभोक्ताओं आसानी से राशन उपलब्ध हो रहा है। ग्राम तेंदूभाठा में भी राशन दुकान खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसी तरह ग्राम कचलोन में नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग रखी गई है। जिससे किसानों की समस्याओं को कम किया जा सके। किसानों ने अध्यक्ष के समक्ष बाढ़ से प्रभावित हुए फसल नुकसान की मुआवजा राशि की मांग रखी। फसल बीमा अधिकारी ने राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि फसल बीमा योजना के माध्यम से सुखा अतिवृष्टि एवं आग लगने पर ही बीमा राशि का लाभ मिल सकता है। जिस पर किसानों ने बीमा अधिकारी से कहा कि अगर ऐसा है तो आगामी वर्ष में हम फसल बीमा नहीं कराएंगे। जिस पर अध्यक्ष छोटू यदु ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर करने सदैव वे उनके साथ खड़े हैं।

नल कनेक्शन काटने पर कोर्ट सख्त

बलौदाबाजार। मंगलम कॉलोनी में भवन स्वामी का नल कनेक्शन काटकर पानी की आपूर्ति बंद करने के मामले में न्यायालय ने सख्ती दिखाते हुए कॉलोनाइजरों को तत्काल नल कनेक्शन जोड़ने का आदेश दिया है। मामला कॉलोनी के भवन स्वामी चैनू राम साहू और कॉलोनाइजर नितेश शर्मा एवं



प्रकाश तिवारी से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नितेश शर्मा और प्रकाश तिवारी द्वारा चैनू राम साहू के आवास का नल कनेक्शन काट दिए जाने से घर में दैनिक निस्तार के लिए पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई थी। इस संबंध में साहू ने सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में लिखित शिकायत की थी। उनका आरोप है कि पुलिस से अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। चैनू राम साहू ने अपने अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के माध्यम से दोनों कॉलोनाइजरों के विरुद्ध जिला न्यायालय में आदेशात्मक व्यादेश के लिए वाद प्रस्तुत किया। पानी की आपूर्ति बंद होने से उत्पन्न परेशानी को देखते हुए न्यायालय ने दोनों कॉलोनाइजरों को नल कनेक्शन तत्काल जोड़ने का आदेश दिया है।

बाढ़ पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि शासन तत्काल प्रदान करे : सुशील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ग्राम सेमरिया घाट पहुंच कर किसानों से रूबरू चर्चा कर बाढ़ पीड़ित किसानों की समस्याओं को सुना, महामाया मंदिर प्रांगण में उपस्थित किसानों ने सुशील शर्मा को बताया की शासन द्वारा गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के कारण हमारे गांव की लगभग दो सौ पचास एकड़ जमीन में विद्यमान धान की खेती प्रभावित हुई हैं जिससे किसानों को काफ़ी नुकसान हुआ है और किसानों को बहुत परेशानी हुई है, किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल के नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवज़ा देने की मांग करते हुए सरकार से मांग किया है की सरकार किसानों की जो फसल बची है उसे सोसायटी में बेचने के लिए आदेश जारी करें, क्योंकि अनेक किसान अपनी फसल की छतीपूर्ति इस डर से नहीं मांग रहे है की सरकार बाद में उनकी बची हुई धान की फसल को सोसायटी में ख़रीदने से मना न कर दे, मुआवजा प्राप्त करने वाले किसानों को सरकार अपना धान सोसायटी में बेचने का आदेश जारी करें।

शर्मा ने शासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम सेमरिया घाट में तत्काल अधूरी माइनर नहर नाली जिसे बीच खेतों तक बनाकर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे किसानों की लगभग 100 एकड़ भूमि की धान फसल अत्यधिक पानी के कारण ख़राब हो जाती है उसका विस्तार शीघ्र नदी तक बनाकर पूरा करे जिससे किसानो के खेतों में अनावश्यक पानी ना भर पाये और माइनर नहर के माध्यम से अनावश्यक पानी नदी में पहुँच जाये, सरकार आपकी न्यायोचित मांगों को तत्काल पूरा नहीं करती हो हम सबमिलकर सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार रहें। सुशील शर्मा के गांव पहुंचने पर रघुनाथ निषाद, दादू डहरिया, शालिकराम निषाद, जागरु निषाद, कुमारदास मानिकपुरी, मणिराम निषाद, विश्वनाथ निषाद, श्याम रतन निषाद सहित अनेक किसानों ने पुष्पमाला पहनाकर कर स्वागत किया।



बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के साथ विद्यार्थियों को मिलेगा शैक्षणिक

10वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शिक्षा एवं सशक्तिकरण सेवा संस्थान सिंगारपुर द्वारा 8 अक्टूबर को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सिंगारपुर में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत सिंगारपुर के सरपंच कनक मनहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंच गौरीशंकर चक्रधारी, जगदीश भोला यदु, राजनारायण यदु एवं रमेश कुर्रे तथा मिडिल स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईतवारी जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अशोक बाँधे, सचिव संजय कुर्रे, सहसचिव दीपांशु लहरे, उपाध्यक्ष जितेंद्र मनहरे, कोषाध्यक्ष तेजराम जांगड़े, संगठन समन्वयक फलित कुर्रे एवं प्रकाश जांगड़े सहित रविन्द्र खूंटे, सुरेंद्र लहरे एवं ज्योतिष बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी भी शामिल हुए। संस्था द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ की गई है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन एवं आवश्यक शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। संस्था द्वारा शिक्षा के साथ-साथ पूर्व से ही निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से भविष्य में भी विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं जनहितकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



